पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,उ0प्र0

——————————

राज्यपाल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट्स के राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया

लखनऊः 23 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा चार्टर्ड एकाउण्ट के छात्रों के लिये आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष, आई0सी0ए0आई0 सी0ए0, श्री उत्तम प्रकाश अग्रवाल सहित श्री जयन्त पाण्डे, श्री अनुज गोयल, अविचल कपूर तथा संस्था के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक स्मारिका का लोकापर्ण भी किया।

राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व में हो रहे बदलाव देश के लिये एक चुनौती है। देश के विकास, वित्तीय प्रबन्धन, गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार रोकने, उद्योग एवं व्यापार के गुणात्मक सुधार लाने में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश की आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने में भी सी0ए0 के सुझाव महत्वपूर्ण है और ऐसे में उनका राष्ट्रीय दायित्व और महत्व दोनो बढ़ जाता है।

श्री नाईक ने कहा कि गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता आज के युग में महत्वपूर्ण है। आज सारा काम तकनीक के आधार पर हो रहा है। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चार ऐसे गुरूमंत्र हैं, जिनसे हर क्षेत्र में बदलाव लाया जा सकता है। हर चुनौती को प्रसन्नचित रहते हुए सुधार लाने का प्रयास, दूसरों के अच्छे कार्यों की प्रशंसा करना, किसी दूसरे के द्वारा किये गये अच्छे कार्य को कम न समझना तथा हर कार्य को यह सोचकर करना कि हमें पूर्ण करने का इससे अच्छा तरीका भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन्हीं चार मंत्रों में भावी पीढ़ी की सफलता निहित है। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अन्य संस्मरण भी सुनाये।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें प्रदेश का कार्यभार ग्रहण किये हुए अभी एक महीना हुआ है। उत्तर प्रदेश दुनिया के कई देशों से बड़ा है। यहां 24 विश्वविद्यालय व शैक्षिक संस्थान है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की कार्य पद्धति में सुधार लाने तथा शैक्षिक संस्थानों को उत्कृष्ट बनाने के लिये सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से चर्चा की है। उन्होंने कहा

कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बदलाव हुए है, इसका लाभ छात्रों को मिले, ऐसा उनका प्रयास है।

कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

———

अन्जुम/रा0/राजभवन